## सीवरेज लाइन लोगो के लिए मुसिबत बनी

**गंगापुर सिटी ।** एलएनटी के सही मापदण्डो के साथ काम नहीं करने के कारण सीवरेज अब लोगो के लिए मुसिबत बनती जा रही है।

शहर में डली सिवरेज लाइन के जगह जगह चॉक होने से उसका गंदा पानी सडको पर बह रहा है जिससे निकलने वाली गंदगी व बदबू से आमजन का जीना दुश्वार हो रहा है। कुछ ऐसा ही वाक्सा मुख्य पोस्ट ऑफिस के निकट कांतिनगर में देखने को मिला जहां करीब एक सप्ताह से सीवरेज जाम होने से गंदगी सडक पर फैल गई है। बदबू से परेशान स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर, नगर परिषद सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों को राज्य शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। गंदगी से बीमारी फैलने की आशंका जताते हुए स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस सीवरेज लाइन से कॉलोनी के आवासीय शौचालय कनेक्ट होने घरों के शौचालय भी बंद हो गए हैं।इससे वहां खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कॉलोनी के निवासी प्रकाशचंद ने बताया कि सीवरेज के ढक्कनों से गंदा पानी बाहर आ रहा है। कई जगह से चॉक होने से यह समस्या अब विकराल होती जा रही हैं। इस संदर्भ में जिला प्रशासन, एलएनटी विभाग, नगर परिषद सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों को फोटो सहित शिकायत भेजी गई हैं।

# 10 साल की बालिका हत्या कांड का आईजी राहुल प्रकाश ने किया खुलासा

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर रेंज के करौली जिले के हिंडौन सिटी में 10 साल की मूक-बधिर बच्ची डिंपल मीणा की हत्या के मामले में भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले का खुलासा किया है। इस मौके पर करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय भी मौजूद रहे। डिंपल मीना की हत्या माता-पिता और उसके मामा

■ **माता पिता और मामा तीनों ने षड्यंत्र रचकर पीड़िता को जहर दिया था**

ने षडयंत्र पूर्वक की थी। तीनों ने ललित मीणा नाम के व्यक्ति को फसाने के लिए रेप करने के बाद पेट्रोल छिड़क कर आग लगने का मामला बताया। मेडिकल बोर्ड और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पीड़िता के दुष्कर्म नहीं होना और उसकी मौत जहर से होना पाया गया है। इसके बाद पुलिस ने ललित मीना नाम के व्यक्ति को हिरासत में लिया। लेकिन उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। पुलिस ने पीड़िता के माता-पिता और मामा को गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ की और तीनों ने अपना जुर्म कबूल लिया। पीड़िता ने अपनी मां को दूसरे व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हालत में देख



**भरतपुर रेंज आईजी राहुल 10 साल की मूक-बधिर बच्ची डिंपल मीणा की हत्या के मामले में प्रकाश ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले का खुलासा किया है।**

लिया था। उसके बाद पीड़िता और मां के बीच विवाद हुआ। माता के द्वारा पीड़िता की पिटाई की गई। इससे नाराज होकर के पीड़िता घर से चली गई और उसने पेट्रोल डालकर आग लगा लगा ली। पीड़िता के माता पिता ने हिंडौन की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत होने पर जयपुर एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया। इलाज के दौरान ही तीनों ने षड्यंत्र रचकर फ्रूटी में जहर मिलाकर बच्चों की दूध वाली बोतल से पिलाया गया। जिसके चलते पीड़िता ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि 9 मई को हिंडौन सिटी स्थित थाना नई मंडी पर सूचना मिली कि एक 10 वर्षीय नाबालिग मूक वधिर बच्ची डिंपल मीना जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और बच्ची के बयान दर्ज करने के प्रयास किए लेकिन बच्ची बयान देने की स्थिति में नहीं थी। बच्ची के माता पिता द्वारा भी कोई जानकारी नहीं दी गई। बच्ची की हालत गंभीर होने पर जयपुर एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया। एसएमएस जयपुर में थाना नई मंडी की पुलिस रिपोर्ट प्राप्त करने गई लेकिन माता पिता ने आईंदा रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही। थाना टोडाभीम निवासी पीड़िता के पिता करन सिंह ने नई मंडी थाने में सोच समझकर एक रिपोर्ट दी। जिसमे बताया कि 9 मई को सुबह 10 बजे के आस पास बच्ची को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जलाकर रेलवे लाइन की तरफ भागना बताया। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इलाज के दौरान पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए और बयानों के वीडियोग्राफी कराई। पीड़िता ने एक व्यक्ति द्वारा पेट्रोल से जलाना बताया लेकिन दुष्कर्म जैसी बात का कोई जिक्र नहीं किया।

पीड़िता के बयानों के दौरान कुछ लोगों के फोटों मोबाइल में और कुछ लोगो के नाम कागज पर लिखकर बताए गए तो वही पीड़िता के द्वारा अपनी बहन प्रियंका मीणा का नाम लिखित में और ललित मीना का फोटो पहचान किया गया। 20 मई को पीड़िता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया और उसका पोस्टमार्टम मेडिकल से कलाकार शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने जांच के दौरान पीड़िता के अधजले कपड़े के टुकड़ों के साथ अन्य सबूत पेश जुटाए.पीड़िता के परिजन और आसपास के पड़ोसियों से पूछताछ की गई। पीड़िता की दुष्कर्म और मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त की और मेडिकल मुआयना और पोस्टमार्डम के समय लिए गए सेंपलो को जांच के लिए भरतपुर और जयपुर प्रयोग शाला भेजा गया। रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं होना और मौत की वजह जहर का सेवन था।

इसके बाद मामले की गहनता से जांच की पीड़िता का पिता करन सिंह उर्फ हरकेश द्वारा कीटनाशक अपने गांव दादनपुर से खरीदा और पत्नी कमलेशी के साथ 16 मई को जयपुर एसएमएस अस्पताल के जाकर राजेश को सौंप दिया।

## सार-समाचार

### ऊबड़ खाबड़ रास्ते लोगों को परेशानी

**भरतपुर ( निस )।** भुसावर निकटवर्ती ग्राम पंचायत पथैना के आम रास्ते कच्चे और ऊबड़ खाबड़ बदहाल पड़े हुये हैं। जिनकी सरकारी तंत्र की ओर से कोई सुध नहीं ली जा रही है। गांव के आम रास्ते बदहाल होने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। गांव में आम रास्ते लम्बे समय से बदहाल पड़े हुए हैं। जिसके कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव पथैना निवासी छात्र नेता कौशल फौजदार ने बताया कि गांव के आम रास्ते खराब पड़े हुए हैं और गांव में हल्की सी बारिस होने पर खराब पड़े आम रास्ते में पानी भर जाता है और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। कौशल फौजदार ने ग्राम पंचायत व वैर विधायक बहादुर सिंह कोली के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि विधायक ने चुनाव के बाद आज तक गांव में दर्शन तक नहीं दिए हैं। न ही कोई विकास कार्य किया है। कौशल फौजदार ने पंचायत प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि 5-6 दिन के अंदर इस मामले को गहनता से लें अन्यथा मजबूरन होकर समस्त युवा वर्ग भूख हड़ताल पर बैठेगा जिसकी जिम्मेदारी पंचायत प्रशासन व वर्तमान वैर विधायक की होगी।

### ग्रामीणों ने लगाया जाम

**हिंडौन सिटी ।** क्षेत्र के महू में पिछले दो दिन से पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह हिंडौन-महवा मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना पर महू चौकी प्रभारी प्रतापसिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। वही जलदाय विभाग के जेईएन द्वारा दिए गए आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। करीब एक घंटे बाद जाम खुलने से वाहनों की आवाजाही शुरू हुईप्रदर्शन में शामिल महिला चंद्र कला व मोहन देई ने बताया कि गांव में दो दिन से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिसे लेकर जलदाय विभाग कर्मचारियों को अवगत करा दिया। लेकिन आज तीसरे दिन भी नलों से पानी नहीं आया। महिलाओं ने बताया कि पानी सप्लाई नहीं होने से काफी परेशानी बनी हुई है। समझाइश के लिए पहुंचे जेईएन ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध नल कनेक्शन हटाने की कार्रवाई चल रही है। जिसके कारण सप्लाई रुकी है। ग्रामीणों को आश्वासन देकर आज पानी की सप्लाई शुरू कराने की बात कहीं।

### सम्मान निधी शुभारंभ समारोह 30 को

**करौली( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसान उत्थान की दिशा मे मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 2हजार रूपये की राशि तीन किश्तो में दिये जाने की बजट घोषणा की गई है। इस क्रम मे योजना का शुभारंभ 30 जून को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह मे किया जायेगा। समारोह जिला मुख्यालयो एवं ब्लॉक व पंचायत स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे सभी किसानों के बैंक खातों मे प्रथम किश्त के रूप मे 1हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी। इस संबंध मे उन्होने समस्त तहसीलदार, समस्त विकास अधिकारियों एवं डीओआईटी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है।

### ब्लाइंड मर्डर केस का पर्दाफाश

**धौलपुर, ( निसं )।** जिले के मनियां क्षेत्र के मरैना रोड स्थित बजरिया गांव के पास गत पांच जून को मिले अधजले शव की पहचान करते हुए पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया है, जिसमें मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया। वहीं इस ब्लाइंड मर्डर में शामिल मुख्य आरोपी के अन्य साथी के बारे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए ब्लाइंड मर्डर के मुख्य आरोपी पवन धोबी पुत्र भगवान सिंह उर्फ भददू धोबी निवासी अल्लेपुर छटीकरा के पास मथुरा थाना जैत मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। ब्लाइंड मर्डर का यह मामला गाड़ी भाड़े की रंजिश को लेकर बताया जा रहा है, जहां 4 जून को आरोपी पवन धोबी ने अपने साथी उस्मान के साथ मिलकर मथुरा निवासी रिंकू अग्रवाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह वही रिंकू अग्रवाल है, जिसका अधजला शव मनियां क्षेत्र के मरैना रोड बजरिया गांव के पास खेत में मिला था। थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। तकनीकी साक्ष्यों व मानवीय इनपुटों के विश्लेषण के आधार पर मामले का पर्दाफाश किया है।

## चोरी का खुलासा नहीं होने पर दो घण्टे रहा बाजार बंद

**सूरौठ ।** कस्बे मे विगत दिवस हुई सर्राफा व्यापारी की दुकान में चोरी का खुलासा करने के लिए कस्बे के लोगों ने गुरुवार सुबह दो घण्टे बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन किया तथा पुलिस को ज्ञापन सौंप जल्दी चोरी का खुलासा करने की मांग कस्बे में विगत दिवस चंदन सोनी की दुकान की शटर तोड़कर चोरों ने चांदी के समान को ले गए जिसमें पीड़ित द्वारा सूरौठ थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया तथा पुलिस ने मौका मुहाना कर जांच पड़ताल की जिसमें कई दिनों से चोरी का खुलासा नहीं होने के कारण कस्बे के लोगों में रोष व्याप्त है जिसके तहत गुरुवार सुबह कस्बे के लोगों ने बाजार बंद करके बाजार में धरना प्रदर्शन किया थोड़ी देर बाद कार्यवाहक थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह पुलिस जाप्ता के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर दुकानदारों की समझाया तथा चोरी का खुलासा जल्दी करने को कहा है जिसमें दुकानदारों ने अपना ज्ञापन में कहा कि चोरी का खुलासा जल्दी कर एवं बाजार में पुलिस चौकी पर पुलिस जाप्ता तैनात एवं बाजार में प्रभावी पुलिस गस्त की मांग कि व चोरी का जल्दी खुलासा करने का आश्वासन तथा पुलिस चौकी में अस्थाई रूप से दो पुलिस वाले में तैनात करने एवं बाजार में प्रभावी पुलिस गश्त चालू रहेगी तथा पुलिस ने सभी दुकानदारों से कहा की दुकानों के आगे रात्रि बल्ब लगाने को दुकानदारों से कहा की दुकानों के आगे कैमरा लगाने को कहा धरना प्रदर्शन में इस मौके पर पुरूषोत्तम बंशीवाल, रमाकांत शर्मा,प्रमोद तिवारी,राजेश सिंघल, श्यामसुंदर सैनी, मोहन गोयल शाहिद बबलू तिवारी ,वेदप्रकाश शर्मा विष्णु सोनी सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

# विधवा की बेटी से जबरन शादी करने वाला गिरफ्तार

बाड़ी । धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड की सीओ ऑफिस पुलिस ने कोतवाली पुलिस के सहयोग से सीओ नरेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए एससी-एसटी दलित अत्याचार निरोधक अधिनियम में एक आरोपी को किला परिसर से गिरफ्तार किया है। जो एक दलित विधवा की बेटी से जबरन शादी करने के लिए दबाव बना रहा था और परिवार के लोगों को धमकी देने के साथ मारपीट भी की थी। ऐसे में गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट एवं विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बाड़ी सीओ ऑफिस के रीडर बहादुर सिंह ने बताया कि कोतवाली थाने में



30 मई को बाड़ी शहर के धौलपुर रोड स्थित एक कॉलोनी की रहने वाली विधवा दलित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किला परिसर निवासी आरोपी आकाश यादव पुत्र मुकेश यादव उसकी बेटी से जबरन शादी करना चाहता है। रास्ते में बेटी से जबरन छेड़छाड़ करता है। घर पर आकर भी उत्पात मचाता है। आरोपी आतंक फैलाने और भय पैदा करने के लिए बंदूक और कट्टा दिखाता है। जबरन शादी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

# अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट देने के निर्देश

**करौली( नि.स. )।** जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेडम ने कहा कि अधिकारी सक्रिय रहकर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को सरकार की मंशा के अनुसार आमजन तक लाभ पहुचाकर लाभान्वित करवाना सुनिश्चित करे। योजनाओं मे किसी भी प्रकार से बजट की कमी नही आने दी जायेगी। उन्होने पूर्व बैठक मे दिये गये निर्देशों की पालना नही करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट देने के निर्देश दिये।

जिला प्रभारी मंत्री गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे पुलिस,चिकित्सा,पशुपालन,विद्युत, पीएचईडी,डेयरी एवं पंचायतीराज विभाग सहित अन्य विभागों की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।उन्होने बैठक मे पुलिस विभाग मे नये निष्पक्ष सीएलजी सदस्यों की नियुक्ति करने,स्मैक पर सख्त कार्यवाही करने,लंबित मुकदमों का समय पर निस्तारण करने, जिले मे अवैध खनन को रोकने,सामाजिक सांस्थाओं के सहयोग से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने, स्कूल व कॉलेजों मे मोबाईल के दुरूपयोग के बारे मे छात्र छात्राओं को जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होने चिकित्सा विभाग के अधिकारी को चिकित्सालयों मे साफ सफाई करवाने, दवाईयों की समुचित उपलब्धता करवाने,नियमित निरीक्षण करने,निरीक्षण की रिपोर्ट समय पर भिजवाने,विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्बाध रूप विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने,पुरानी लाईनों को बदलने,ढीले तारों को टाईट करने एवं मेन्टिनेन्स समय पर करवाने,आमजन को सोलर उर्जा के बारे मे जागरूक करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होने पीएचईडी के अधिकारी को जिले मे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने,प्रत्येक व्यक्ति को पेंयजल की समुचित व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

जल जीवन मिशन के तहत टूटी सडकों को दुरूस्त करने, पेयजल टैंकरों की सूचना उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिये। उन्होने सानिवि के अधिकारी को चल रहे निर्माण कार्यो को समय पर पूर्ण करने,गुणवत्ता का ध्यान रखने,लांगरा थाने का अगले 10 दिन मे हैंडओवर करने,वन विभाग के क्षेत्र मे सडक बनाने के लिये जिला कलेक्टर की अध्यक्षता मे विभिन्न विभागों की कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होने जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के लिये रात्रि चौपाल आयोजित करने की बात कही। उन्होने कार्यालयों मे आने जाने वालों आमजन को बैठने व पेयजल की व्यवस्था करने, वर्षा के मौसम को देखते हुए पौधारोपण के आवंटित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने एवं अधिक से अधिक पेड लगाने की अपील की। बैठक मे विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने बिजली कटौती एवं पेयजल समस्या के बारे मे अवगत कराया। सपोटरा विधायक हंसराज मीना ने पुलिस संबंधी,अवैध खनन रोकने,पेयजल व्यवस्था करवाने,जल जीवन मिशन के तहत सडक दुरूस्त करवाने,सीएचसी सपोटरा मे संस्थागत प्रसव करवाने की चर्चा की। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बैठक मे दिये गये निर्देशों की पालना शत प्रतिशत करवाने का आश्वासन दिया एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक मे अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी,मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानु चारण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबलीराम जाट,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल मीना, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीना,पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता परशुराम वर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना सहित विद्युत, डेयरी, सानिवि सहित अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें।

## ऋण के लिये कर सकते है आवेदन

**करौली ( नि.स. )।** नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि नगर निकाय क्षेत्र मे समस्त पथ विक्रेताओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिये भारत सरकार द्वारा 1 जून 2020 को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्म निर्भर निधि योजना प्रारंभ की गई थी। जिसमे प्रति पथ विक्रेता को एक वर्ष की अवधि के लिये बैंकों के माध्यम से 7 प्रतिशत ब्याज की छूट के साथ 10 हजार रू की राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। इस राशि के पुर्नभरण करते हुए 20 हजार की राशि तत्पश्चात 50 हजार की राशि का लोन देने का प्रावधान है।

उन्होने बताया कि इस योजना मे स्ट्रीट वेण्डर जैसे् ठेला, ढकेल लगाने वाले, नाई, सौनदर्य, झाडू व मिट्टी के बर्तन बनाने वाले, ताला चाबी, बेल्ट पर्स, मास मछली विक्रेता सहित अन्य संबंधित कार्य करने वाले व्यवसायी अपना पंजीकरण एवं लोन हेतु निशुल्क ऑनलाईन आवेदन प्राईवेट बस स्टेण्ड के पास एनयूएलएम कार्यालय मे आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक आदि दस्तावेजो के साथ संपर्क कर सकते है।

### योगेंद्र डागुर बने के जिला संयोजक

**हिंडौन सिटी ।** उपतहसील शेरपुर निवासी योगेंद्र डागुर को एबीवीपी करौली जिला का पुनः दायित्व दिया गया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र

ई-निविदा सूचना- डब्ल्यू/623/15

दिनांक : 25.06.2024

निम्नलिखित टेण्डर जो की निविदा संख्या – डब्ल्यू/623/15 दिनांक- 19.06.2024 के द्वारा प्रकाशित किया गया था जिसे दिनांक 05.07.2024 को खोला जाना था, असे अब रद्द किया जाता है । **टेण्डर संख्या**- 100/2024, **कार्य का विवरण**- डीईएन (नार्थ) सेक्शन- वेल्डिंग ऑफ 60 केजी- 52 केजी 90यूटीएस एण्ड आर – 260 रेल्स इन –सिटू विद सिंगल शॉट क्रूसिब्ल फिटेड़ एण्ड सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड पोंसनस इन कनेक्शन विद वेरियस सैगंक्शन्ड़ ट्रेक वर्कस, **टेंडर संख्या**- 106/2024, **कार्य का विवरण**- सिनियर डीईएन (साउथ) कोटा सेक्शन – वेल्डिंग ऑफ 60 केजी-52 केजी 90 यूटीएस एण्ड़ आर-260 रेल्स इन – सिटू विद सिंगल शॉट क्रसिब्ल फिटेड़ एण्ड सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड़ पोंसनस इन कनेक्शन विद वेरियस सैगंक्शन्ड़ ट्रेक वर्कस।

वरि. मंडल इंजीनियर समन्वय

पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान

एक कदम स्वच्छता की ओर



**आम सूचना**

मैं मीनू राजपूत पत्नि स्व. जययसिंह राजपूत निवासी बगीदा, तहसील सपोटरा, जिला-करौली शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि मेरे पति स्व. जयसिंह पुत्र श्यामकरण सिंह का 18 जून, 2022 को स्वर्गवास हो गया। मेरे पति के नाम एक महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड की के यूबी 100 एन एक्स टीं के 2+65 डों जिसका पंजीयन नम्बर आर जे 14 यू एफ 6668 मॉडल 2011 दर्ज है। जिस गाडी की में मेरे नाम ट्रान्सफर कराना चाहता हूँ। क्योंकि मेरे पति के एक मात्र में विवाहिता धर्म पत्नि हूँ। यदि उक्त वाहन के ट्रान्सफर करवाने पर अन्य दीगर व्यक्ति को किसी प्रकार का उज्र करता है। तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं होगी। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर जिला परिवहन कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है। समय निकलने बाद आपत्ति स्वीकार नही मानी जावेगी।


## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

**करौली( नि.स. )।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को देर शाम तक आयोजित हुई जिसमें जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने ब्लाक वाईज प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित आंकडे संस्था प्रभारियों के कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाते है, चिकित्सक नियमित संस्थाओं पर पहुंच सुनिश्चित करें और कार्यक्रमों व योजनाओं की प्रदायगी सुधारें।

उन्होने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में संस्थाओं पर क्लेम बुकिंग की कमजोर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थाओं पर सेवाओं और सुविधाओं में विस्तार के लिए योजना में अधिकाधिक क्लेम बुक किये जाये जिससे संस्था को नियमित पैसा मिलता रहे।

उन्होंने समीक्षा में संस्थाओं की प्रगति कम होने के कारणों से अवगत होते हुए कहा कि कम प्रगति वाली संस्थाओं की उनके द्वारा विजिट की जायेगी।

उन्होंने प्रतिदिन एप के माध्यम से लोकेशन व टाईम युक्त उपस्थिति भिजवाने के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान मुखबिर योजना के स्टीकर और पंपलेट का विमोचन करकर लिंगानुपात की समानता के लिए मुखबिर योजना के प्रचार-प्रसार की आवश्कता जताई।सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने ब्लॉक और संस्था वाईज प्रगति की स्थिति से अवगत कराते हुए ई-केवाईसी और आयुष्मान कार्ड वितरण में गति के लिए निर्देशित किया।उन्होंने समय पर एएनसी रजिस्ट्रेशन और एएनसी रजिस्ट्रेशन को चतुर्थ एएनसी तक पहुंने में आने वाले गैप का पता लगाकर गैप कम करने सहित गुणवत्तापूर्ण एएनसी सेवाओं के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने संपूर्ण टीकाकरण की प्रगति में ऋणात्मकता के रोकने के लिए एमसीएचएन सत्रों को गुणवत्ताॅ्ण सेवाओं की प्रदायगी के साथ टीकारकण के बैकलॉग को आगामी दो माह में कवर करने और सेक्स रेसो में मासलपुर ब्लॉक को ध्यान देने की जरूरत जताई।

उन्होंने मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना की समीक्षा कर मौसमी बीमारियों के दौर में आवश्यक दवाओं उपलब्धता रखने और जेएसवाई भुगतान के गैप को सुधारने के लिये निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सेक्टर वाईज पानी भरे स्थानों की फोटो ओडीके एप के माध्यम अपलोड करें और डेंगू-मलेरियों रोधक गतिविधियों का संचालन निरंतर किया जाये। इस दौरान परिवार कल्याण, आईएचआईपी पोर्टल, एस-फार्म सहित एनसीडी की गतिविधियों के आयोजन की समीक्षा की गई। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. ओपी मीना ने संस्थाओं के एन-क्वास और कायाकल्प असिसमेंट की आवश्यक तैयारियों से अवगत कराते हुए आगामी सप्ताह में सेल्फ असिसमेंट के निर्देश प्रदान किये।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**डीग ( निस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण डीबीटी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद भी किया। जिला स्तर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं आयोजन किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीग में किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर डीग श्रुति भारद्वाज एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष कुमार मीणा मौजूद रहे। कार्यक्रम में डीग जिले में 1 लाख 37 हजार 310 लाभार्थियों के खाते में लगभग 15 करोड़ 16 लाख की राशि डीबीटी की गई। राज्य भर के 88 लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में 1037 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी की गई। एक अप्रैल, 2024 से पेंशन राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,150 रुपए कर दी गई है। जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने सभी लाभार्थियों को राशि हस्तांतरण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को यदि पेंशन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वे तुरंत समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क कर अपनी समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उन्होंने आमजन को विश्वास दिलाया है कि पानी, बिजली, पेंशन, चिकित्सा, शिक्षा आदि में समस्या आने पर जिला प्रशासन पूर्णतः उनके साथ है एवं प्रशासन आम नागरिकों को उच्चतर सुविधाएं देने के लिए कटिबद्ध है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का लाभार्थी संवाद कार्यक्रम गुरूवार को नगर विकास न्यास के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से जुडते हुए भरतपुर जिले के 3 लाख 550 लाभार्थियों के खाते में 35 करोड 27 लाख 14 हजार 700 रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। समारोह में जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने उपस्थित लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के कल्याण एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास को केन्द्र में रखते हुए फैसले ले रही है जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ने से 88 लाख से अधिक लाभार्थियों को सीधा लाभ मिला है, चरणबद्ध रूप से प्रत्येक वर्ष राशि बढ़ाकर उन्हें सम्मानपूर्वक जीवनयापन करने के लिए सहारा सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान के लिये जीवनदायनी ईआरसीपी योजना को सरकार ने धरातल पर उतारने के लिये विसंगतियों को दूर कर गति के साथ क्रियान्विति की ओर कदम बढाये हैं इससे आने वाले समय में पेयजल एवं सिंचाई को पर्याप्त जल मिलेगा। उन्होंने कहा कि भरतपुर में मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ समस्याओं का समाधान कर आमजन की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया जायेगा। बयाना विधायक ऋतु बनावत ने कहा कि सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढाकर संकल्प को पूरा किया है इससे एकल नारी, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को सहायता मिलेगी। इस अवसर पर विधायक वैर बहादुर सिंह कोली, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, मोहन रारह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पिता-पुत्र गिरफ्तार

**सूरौठ।** करौली जिले के सूरौठ थाना पुलिस ने थाने के सामने उत्पात मचाते हुए पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। रामनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि बेरखेड़ा निवासी करन लाल जाटव और उसके बेटे मोनू कुमार को आपस में झगडा कर दूसरे पक्ष को धमकी देने और गंभीर अपराध घटित होने की आशंका में कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।

### आमजन की समस्याऐं सुनी जायेंगी

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायत समिति मंडरायल की ग्राम पंचायत बुगडार मे आज शुक्रवार को सायं 6:30 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया जायेगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सैमरदा,**

पंचायत समिति करौली जिला करौली

क्रमांक:-SPI-8 दिनांक: 26.06.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-25**

ग्राम पंचायत सैमरदा पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत सैमरदा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सैमरदा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली



राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रबॅन्धक सर्किट हाउस, करौली**

क्रमांक:वि.भ.क/2024-25/88 दिनांक: 27.06.2024

**निविदा सूचना**

सर्किट हाउस, करौली में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु निम्नानुसार किरा सामग्री के उपापन हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध के लिये इच्छुक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में द्वि-प्रक्रमी पद्वति से खुली निविदाऐ दिनांक 27.06.2024 से दिनांक 05.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 05.07.2024 को दोपहर 2.00 बजे खोला जावेगा।

निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबन्धित विस्तृत विवरण एवं जानकारी राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा अवधि | NIB Code UBN No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्किट हाउस करौली में किराना/ परचूनी सामग्री एवं पेरिशेबिल/ सफाई सामग्री दर संविदा | 08.00 लाख | 27.06.2024 से 04.07.2024 | CKL2325A0005 CKL2425GSRC00005 |

( भरत नाथ )प्रबंधक विश्राम भवन, करौली